निनाद ललित कला समिति
छिन्दवाडा

अध्यक्ष–आनंद बक्षी

विभूतियों का सम्मान 28 फरवरी को

गीत गजल संध्या का आयोजन


मो. यूनुस

तरंगसिंह परिहार

नवीन दुग्गड़

विस्मिता शाह

डॉ. बग्गा

राकेश श्रीवास्तव

छिंदवाड़ा,१९ जनवरी (लोस.सेवा).

निनाद ललित कला समिति के अध्यक्ष आनंद बक्षी ने बताया कि इस वर्ष भी गीत गजल संध्या आयोजित की जा रही है. आगामी २८ फरवरी को रात्रि ९ बजे स्थानीय लालबहादुर शास्त्री स्कूल स्टेडियम के सामने गीत गजल संध्या का आयोजन किया जाएगा. इस वर्ष कार्यक्रम में हिन्दुस्तान के मशहूर गजल गायक अश्विनी कुमार अपनी प्रस्तुति देंगे तथा उनके साथ एस.आर. शिवलीकर सितार, इकबाल अहमद गिटार तथा तबला पर संगत सतीश मिश्रा करेंगे. उल्लेखनीय है कि यह आयोजन का तेरहवां वर्ष है. श्री बक्षी ने बताया कि इस अवसर पर छिंदवाड़ा की माटी को अपनी कृतित्व शक्ति से गौरवान्वित करने वाली विभूतियों का भी सम्मान होगा. स्व. नजीरुद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाएगा.

उन्होंने बताया कि नवीन दुग्गड़ को कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा. नवीन दुग्गड़ कैंसर रोग का पिछले लंबे समय से सफलता पूर्वक उपचार कर रहे हैं. विज्ञान के क्षेत्र में डॉ. मेजर राकेश श्रीवास्तव को राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस के प्रतिनिधित्व, विज्ञान संगोष्ठियों में प्रभावशील उद्बोधन तथा वैज्ञानिक साहित्य में उल्लेखनीय लेखों के लिए सम्मानित किया जाएगा. डॉ. आर.एच. बग्गा को उनकी चिकित्सीय सेवाएं, रोटरी क्लब के माध्यम से स्वास्थ्य शिविरों के सफल संचालन के लिए सम्मानित किया जाएगा. महिला जागृति एवं समाज सेवा में लंबे अरसे से कार्यरत विस्मिता शाह को उनके महिला उत्थान कार्यक्रमों तथा दीन-दुःखियों की सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा.

उर्दू साहित्य के मशहूर शायर मो. यूनुस को गजल लेखन एवं धार्मिक उर्दू शायरी नात, हम्द तथा मुशायरों में शिरकत कर अपनी शायरी से उर्दू अदब की सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा. प्रतिवर्ष स्व. नजीरुद्दीन चचा की स्मृति में बाल प्रतिभा को सम्मानित किया जाता है. इस वर्ष यह सम्मान तरंगसिंह परिहार को माशंल आर्ट में राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा प्रादेशिक स्तर पर स्वर्ण पदक सहित अनेक पुरस्कार प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया जाएगा. निनाद ललित कला समिति के आशीष त्रिपाठी राशिद खान, हाजी नसीमुद्दीन खान, जेड अली, राजू निमाड़े, सुरेश डेहरिया ने सभी संगीत प्रेमियों से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया है.